फर्जीवाड़ा | उपयंत्री की भूमिका बताई जा रही संदिग्ध

# कागजों में बना खेत तालाब, फर्जी मस्टर रोल बनाकर निकाली राशि






**जयसिंहनगर, नवभारत।** ग्राम पंचायत बलौडी मे भ्रस्टाचार का खेल जमकर खेला जा रहा है जिसमे उपयंत्री सहित रोजगार सहायक गोता लगाने में आमादा है।

आज हालत यह है कि शिकायत के बाद भी उनका कुछ बिगड़ नहीं रहा है जिस कारण इनके हौसले बुलंद है और कागजों में कार्य होना दिखा कर फर्जीवाड़ा करते हुए शासकीय राशि पर डांका डाला जा रहा है।

### कागजों में हुआ लघु तालाब का कार्य

ग्राम पंचायत बलौडी पश्चिम मे रोजगार सहायक कमलेश गुप्ता ने उपयंत्री से सांठ गांठ कर लघु तलाब का कार्य कागज मे दिखा कर फर्जी मूल्यांकन कराते हुए शासकीय राशि मे डांका डाला गया है। हितग्राही रमेश पटेल पिता रामकृपाल पटेल निवासी बलौडी द्वारा दिनांक 10/09/2025 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर मे शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गयी है। शिकायतकर्ता ने शिकायत की कांपी उपलब्ध कराते हुए बताया गया कि रोजगार सहायक कमलेश गुप्ता ने मेरे नाम से मेरे खसरा क्रमांक 170/3 का कागज लगाकर खेत तलाब योजना के तहत गलत तरीके से पैसा पास कराकर पैसा दूसरे के खाते मे डालकर निकाल लिया गया है।

### आपस में सांठगांठ कर निकाली राशि

शिकायतकर्ता ने बताया कि रोजगार सहायक उपयंत्री से सांठ गांठ कर फर्जी मूल्यांकन कराते हुए फर्जी मस्टररोल तैयार कर लघु तलाब का पैसा दूसरे के खाते मे डालकर बंदर बांट कर लिया गया है जिसकी जानकारी होने पर दोसियों के खिलाफकार्यवाही किये जाने की मांग सीईओ जयसिंहनगर को शिकायत देकर की गयी है किन्तु अभी तक कोई जांच नहीं हुई है। मेरे द्वारा सीएम हेल्पलाइन मे भी शिकायत दर्ज करायी गयी थी किन्तु उसमे गलत जानकारी देकर शिकायत को बंद करा दिया गया और अब समझौता किये जाने का दबाव बनाया जा रहा है।

### बताए गए स्थल पर लगी है धान

रोजगार सहायक ने जिस खसरा क्रमांक में खेत तालाब का निर्माण कराया जा कर राशि का आहरण किया गया है वहाँ धान की फसल लगी हुई है। शिकायतकर्ता ने बताया की पूर्व में वर्ष 2024 मे मेरे 7 से 8 घंटे तक जेसीबी लगाकर मेढ बनवाया गया था। रोजगार सहायक द्वारा कोई कार्य नही कराया गया है। जिसकी निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा जानकारी दी गयी है जांच करा कर कार्यवाही की जायेगी।

**शिवानी जैन**
**सीईओ, जयसिंहनगर**




# शाम होते ही कारों के पीछे छुप जाता है एटीएम

**शहडोल।** नगर के बाणगंगा तिराहा रीवा रोड में सेंट्रल बैंक का एटीएम है जो की रात होते ही कारों के पीछे छिप जाता है। शाम होते ही एटीएम के सामने पार्किंक बन जाती है। सूत्रों के हवाले से मिली सूचना के अनुसार जो गाड़ियाँ एटीएम के सामने खड़ी कारें उन्ही मालिकों की है जिनकी दुकान में एटीएम लगाहुआ है। एक तरफदुकान मालिक बैंक को दुकान देकर जहाँ महीने का किराया भी ले रहे हैं वहीं दूसरी तरफरात के अँधेरे में एटीएम के सामने अपना वाहन खड़ा कर देते हैं। यदि रात के अँधेरे में कारों के पीछे छुपे इस एटीएम में कोई वारदात होती है तो सामने खड़ी वाहनों के कारण किसी की नज़र उस पर नहीं पद सकती है और शहर में आये अनजान व्यक्तियों द्वारा एटीएम ढूँढना भी मुश्किल हो सकता है और वहाँ तक पहुँचने के लिए लोगों को मशक्कत करनी पड़ती। ऐसे में किसी ऐसे व्यक्ति को एटीएम के लिए दुकान किराये पर देना उचित नहीं है जो की अपनी जगह का दुरूपयोग करे। क्यूंकि एटीएम मशीन जनसुविधा हेतु सरकार द्वारा निर्मित की जाती है परन्तु इसका दुरूपयोग करना कानूनन गलत हैं इस प्रकार के लोगों पर बैंक को कानूनी कार्यवाही कर दूकान का एग्रीमेंट निरस्त करने जैसी कड़ी से कड़ी कार्यवाही करना चाहिए।

# सहकारिता कर्मचारियों ने फूंका शंखनाद

▸ हक के लिए सहकारी समिति कर्मचारी आंदोलन की राह पर



**शहडोल।** संयुक्त सहकारी समिति कर्मचारी संघ शहडोल द्वारा सम्भाग में कार्यरत समिति कर्मचारियों की जमीनी समस्याओं के निराकरण एवं प्रदेश स्तर से जारी आदेशों का पालन कराए जानेमाह अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह को संभागायुक्त शहडोल एवं संयुक्त आयुक्त सहकारिता को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था। इसके साथ ही पुन: 7 जुलाई को स्मरण पत्र देकर समिति कर्मचारियों को शासन द्वारा स्वीकृत लाभ दिलाने का निवेदन किया गया। किन्तु, बार-बार निवेदन व ज्ञापनों के उपरांत भी प्रशासनिक अधिकारियों के व्दारा कोई ठोस कार्यवाही न किये जाने के कारण संगठन ने अपने जायज मांगों को लेकर दिनांक 08 सितम्बर 2025 से कलमबंद हड़ताल प्रारंभ की है।

संभाग संरक्षक सुरेन्द्र मिश्रा एवं संभाग अध्यक्ष माननीय रजनीश कुमार तिवारी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यदि कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन स्मरण पत्र देकर चेतावनी देगा और इसके उपरांत जिला उमरिया में जंगी प्रदर्शन तथा 18 सितम्बर को शहडोल में संभागायुक्त के कार्यालय का घेराव कर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित करेगा। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों मेंसुरेन्द्र मिश्रा (संभाग संरक्षक)रजनीश कुमार तिवारी (संभाग अध्यक्ष)। भारतेश मिश्रा जिला अध्यक्ष शहडोल गणेश त्रिपाठी, राजकुमार शुक्ला, बृजभूषण जी, अभयानंद पांडे (जिला अध्यक्ष शहडोल एवं संभाग प्रभारी) तथा सम्भाग के सैकड़ों समिति कर्मचारी एवं पदाधिकारी शामिल रहे। संयुक्त सहकारी समिति कर्मचारी संघ,संभाग इकाई शहडोल संभाग भर के पदधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया है।

### तीन दिन में आवास खाली करने का अल्टीमेटम

**कटनी।** नगर निगम की टीम ने आईएचएसडीपी योजना के तहत प्रेमनगर बस्ती में बनाए गए आवासों में अनाधिकृत रूप से अवैध कब्जा करने वाले चार कब्जेधारियों को हटाने की कार्रवाई की है। नगर निगम की टीम ने यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर की है। कब्जाधारियों को कब्जा हटाने के लिए तीन दिर का समय दिया गया है। तीन दिन में कब्जा खाली नहीं करने पर एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए उन्हें आवासों से बेदखल कर दिया जाएगा। नगर निगम के नोडल अधिकारी सुनील सिंह ने बताया कि प्रेमनगर बस्ती में निर्मित आईएच एसडीपी आवासों के ब्लॉक सी और डी में सभी अवैध कब्जो को खाली कराने की कार्रवाई की जा रही है।

# गरीब मजदूर से इलाज के लिए डॉक्टर मांग रहे घूस

▸ जिला अस्पताल में मानवता शर्मसार, कलेक्टर से हुई शिकायत



**शहडोल।** जिले के सरकारी अस्पताल में मानवता को शर्मशार कर देने वाल मामला सामने आया है। आरोप है कि यहां के डॉक्टर मरीजों का इलाज करने के बदले उनसे पैसे मांग रहे हैं। जिला चिकित्सालय शहडोल से ऐसे मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। मामले की शिकायत भी अधिकारियों से भी की गई, लेकिन कार्रवाई शून्य है। बेटे का इलाज कराने एक गरीब पिता जिला अस्पताल के चार बार चक्कर लगा चुका है, लेकिन उसे केवल निराशा ही हाथ लगी है। जिला अस्पताल में पदस्थ एक चिकित्सक ने इस लिए उसके पुत्र का इलाज नहीं किया कि क्योंकि उसके पास चिकित्सक को देने के लिए पैसे नहीं थे।

मामला जिला अस्पताल शहडोल का है। शिकायतकर्ता सुभदीप सोनी ने आरोप लगाया कि वह शहडोल के बिजली विभाग कॉलोनी के पास रहता है। उसके पुत्र सौर्य सोनी 15 के हाथ में गिल्टी है।जिसका इलाज करवाने वह जिला अस्पताल 21.08.2005 को गया था। पर्ची कटवाने के बाद वह सर्जरी विभाग के डॉ. वी पी पटेल से मिला। चिकित्सक ने बच्चे की गिल्टी देख पिता को बताया कि इसे तत्काल ही ऑपरेशन करके निकलना पड़ेगा, लेकिन उसके लिए पैसे देने होंगे। ऐसा सुभदीप सोनी का आरोप है। उन्होंने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर से एक लिखित शिकायत कर इस मामले में घूसखोर डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग की है।


### पीड़ित ने जनसुनवाई में लगाई गुहार

शिकायतकर्ता पिता ने शिकायत में बताया कि वह पहली बार में डॉक्टर को बता चुका था कि वह एक मजदूर है। उसके पास तीन हजार रुपये नहीं है। इसलिए वह डॉक्टर को नहीं दे पा रहा था। कुछ दिनों बाद वह पुन: जिला अस्पताल पहुंचा, जहां फिर वही डॉक्टर मिला, लेकिन उसने फिर वही पैसे की मांग की जिससे सौर्य का इलाज अब तक नहीं हो सका है। पीड़ित पिता ने जनसुनवाई में मदद की गुहार लगाई है और अपने पुत्र के इलाज के साथ दोषी डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग की है। पिता ने बताया कि वह जिला अस्पताल के चार बार चक्कर लगा चुका है।

### फोन पर सिविल सर्जन से नहीं हो सका संपर्क

बीते दिनों भी ऐसा मामला प्रकाश में आया था, जहां सोहागपुर के रहने वाले रितेश गुप्ता से डॉक्टर वीपी पटेल ने पैसे की मांग की थी, जिसकी शिकायत कलेक्टर और कमिश्नर से की गई थी। अधिकारियों ने मामले पर जांच टीम बनाई, लेकिन कार्रवाई अब तक अधूरी है। वहीं, इस मामले में जिला अस्पताल की सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय के प्रथम आगमन पर हुआ स्वागत



**ब्यौहारी।** शहडोल कांग्रेस के नवागत जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी अज्जू भैय्या का ब्यौहारी आगमन पर काग्रेश के नेताओ के द्वारा नगर मे जगह - जगह भव्य स्वागत किया गया। बन बिहार में नव नियुक्ति जिला अध्यक्ष का फुल मालाओं से स्वागत उपरांत मोटर सायकल व वाहन से विशाल रैली निकाली गयी। ऐसा लग रहा था मानो समूचा नगर स्वागत के लिए उमड पडा हो। खुली जीप मे पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी काग्रेश के वरिष्ठ नेता संन्तोष कुमार शुक्ल पूर्व विधायक राम पाल सिंह सहित अन्य नेता भी दिखे।

सर्वप्रथम बन बिहार होटल के पास अध्यक्ष के स्वागत के लिए युवा नेता शेख रब्बानी के नेतृत्व में युवा कांग्रेस पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अजय शुक्ला महेन्द्र सिंह, अमित, रावेन्द्र बैश युवा नेता नरेन्द पाण्डेय सिद्धांत तिवारी आदिवासी नेता दशरथ सिंह जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र पटेल असंतोष पटेल, कांग्रेस सेवादल ब्लांक अध्यक्ष कुलभूषण पटेल,नगर अध्यक्ष हरीश गुप्ताअनुपमम सक्सेना, पुष्पेन्द्र परौहा, विक्रम सिंह बघेल, अब्बास ठेकेदार, संदीप पटेल बसंत साहू, जीतेन्द्र साकेत बनसुकली क्षेत्र युवा नेता कृष्ण कुमार रैदास नागेन्द्र सिंह वर्मा सहित सैकड़ो की तादात मे पार्टी नेता और कार्यकर्ताओ ने फूल मालाओं बैंड पटाखे से स्वागत किया। कांग्रेस नेताओ का उत्साह देखते ही बनता था। रेल्वे तिराहा मे ब्लाक अध्यक्ष द्वारा स्वागत किया गया।यह क्रम कई जगहो पर देखने को मिला। वापस लौटने पर रेल्वे तिराहा के पास पैलेस मे यह कार्यक्रम सभा के रूप मे तब्दील हुई जहा नेताओ ने अपना - अपना बिचार ब्यक्त किया और कार्यकर्ताओ को धन्यवाद ज्ञापित कर काग्रेश के पक्ष मे जी जान से जुटने का आह्वान किया।

### ब्लाक से गाँव तक संगठन में हो सकता है परिवर्तन

अजय अवस्थी के जिलाध्यक्ष बनने से अब ब्लाक से गाव तक संगठन मे ब्यापक परिवर्तन की संम्भावनाऐ होती दिख रही है फूल छाप काग्रेशियो को अब पार्टी के दायित्वो से मुक्त किया जाऐगा और पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओ को मौका मिल सकता है। उल्लेखनीय है कि अजय अवस्थी क्रान्तिकारी नेता हैजिनकी युवाओ में अच्छी पकड़ मानी जाती है। शीर्ष नेतृत्व भी अवस्थी पर अपनी छाया बनाऐ हुऐ है एक चर्चा मे पार्टी सूत्रो और अवस्थी के करीबियो ने कहा कि पूरे जिले के संगठन मे ब्यापक परिवर्तन देखने को मिल सकते है। इस स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप वरिष्ठ नेता अशोक श्रीवास्तव, लालबहादुर सिंह, सुशील तिवारी,लक्ष्मी कांत तिवारी,राजेश घोरसा, श्रीकान्त पाण्डेय, नरेंद्र सिंह,बबलू (बाबू)उरमलिया, दुर्गा विश्वकर्मा, गीता कोल ओम प्रकाश गुप्ता और संजय शुक्ला की उपस्थिति देखी गई।

### अर्से बाद कांग्रेसियों में दिखी एकता

ब्यौहारी मे कांग्रेस के बिखराव से अर्से बाद पूरे दमखम के साथ काग्रेश एक जुट दिखी लोगो का उत्साह और जोश देखते बन रहा था। नगर मे काग्रेश के एकजुटता की सराहना हुई। लोगो का रुझान काग्रेश के पक्ष मे देखा गया और दूर दराज से लोग रैली मे शामिल होने पहुचे थे।



# स्टाफ क्लब नेता प्रतिपक्ष के कार्यक्रम में खाली कुर्सियों ने बटोरी सुर्खियां

▸ इंटक के बैनर तले आयोजित हो रहा था कार्यक्रम



**धनपुरी,नवभारत.**मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उमर सिंघार शहडोल संभाग के दौरे पर चल रहे हैं बीते सोमवार को वह अनूपपुर से विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शहडोल जिले के कोयलांचल क्षेत्र पहुंचे जहां कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए विशाल वाहन रैली निकाली। वाहन रैली के बाद श्रमिक संगठन इंटक के बैनर तले स्टाफक्लब में नेता प्रतिपक्ष के स्वागत सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था।

मंच पर नेता प्रतिपक्ष के साथ विधायक फुंदेलाल सिंह कांग्रेस पार्टी के वर्तमान एवं पूर्व जिला अध्यक्षए कांग्रेसी नेता और इंटक के पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस कार्यक्रम में एक वक्त ऐसा भी आया जब मंच पर तो नेताओं की अच्छी खासी भीड़ नजर आ रही थी लेकिन कार्यक्रम स्थल पर मौजूद खाली कुर्सियां यह बता रही थी कि हमारे ऊपर बैठने वालों का हमें अभी भी इंतजार है। कार्यक्रम में भीड़ का ना होना और खाली कुर्सियों ने पूरे क्षेत्र में अब नई चर्चा शुरू करवा दी है। खाली कुर्सियों को लेकर लोग तरह.तरह की चर्चा कर रहे हैं इतने बड़े नेता के आने के बाद भी कुर्सियों का खाली रह जाना यह बतलाता है कि आयोजकों ने तैयारी सिर्फ बैनर पोस्टर के माध्यम से अपनी राजनीति चमकाने की तैयारी की थी बैनर पोस्टर में नेताओं की भीड़ तो थी लेकिन कार्यक्रम में खाली कुर्सियां आयोजकों को आइना दिखा गई।

### इबरार खान के घर पर हुआ जोरदार स्वागत

इंटक द्वारा स्टाफक्लब में आयोजित कार्यक्रम में भलाई कुर्सियां खाली पड़ी रह गई हो लेकिन कोयलांचल क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इबरार खान के घर पर नेता प्रतिपक्ष का जोरदार स्वागत किया गया इबरार खान ने अपने हाथों से नेता प्रतिपक्ष के ऊपर फूलों की बारिश की यहां बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे। क्षेत्र में लोग चर्चा कर रहे हैं कि जमीनी नेताओं के यहां कार्यकर्ताओं की भीड़ अपने आप लग जाती है बाकी जहां कुर्सियां खाली रह जाती हैं उन्हें खुद से समझ जाना चाहिए कि वह सिर्फबैनर पोस्टर के नेता हो सकते हैं।

### भाजयुमो एवं जिला चिकित्सालय के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आज

**शहडोल।** देश के प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम पूरे देश एवं प्रदेशों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा के मार्गदर्शन में भाजयुमो एवं जिला चिकित्सालय शहडोल के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन शहडोल कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में आज बुधवार को सुबह 10:30 बजे किया जाएगा साथ ही भाजपा द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा साथ ही विभिन्न चैनलों के माध्यम से लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन जिला चिकित्सालय परिसर में किया जाएगा।भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने आम जनमानस नागरिकों माता बहनों एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेतागण, एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं से अपील की है कि मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर में पहुंच कर।

# आज से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

▸ महिला स्वास्थ्य शिविरों का किया जाएगा आयोजन



**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि शासन के निर्देशानुसार स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान जिले में आज 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण को मजबूत करके परिवार एवं समुदाय को सशक्त बनाया जायेगा तथा सभी सक्रिय सहयोग से इसे जन आन्दोलन का स्वरूप दिया जायेगा। उन्होंने बताया की सभी आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ केन्द्रों, जिला अस्पताल तथा मेडिकल कॉलेज में महिला स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें महिलाओं की स्वास्थ्य जॉच, मुख, स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, कैंसर की स्क्रीनिंग, एनीमिया जॉच किशोरियों व महिलाओं को परामर्श, क्षय रोग की जॉच, सिकल सेल रोगी की जॉच, कार्ड वितरण तथा परामर्श के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं दी जायेंगी।

### ये चिकित्सक देंगे सेवाएं

अभियान में स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक तथा दन्त चिकित्सक आदि सेवाएं देंगे। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु निजी अस्पतालों एवं क्लीनिकों का भी सहयोग लिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल के लिए गर्भवती महिलाओं की जॉच, परामर्श तथा मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड वितरण तथा टीकाकरण की सेवायें प्रदान की जायेंगी।इसी प्रकार जन-जागरूता कर व्यवहार परिवर्तन कर महिलाओं का जागरूक किया जायेगा। इसी प्रकार निक्षय मित्र नामांकन अभियान चलाकर जिले को टी.बी. मुक्त बनाया जायेगा। इस दौरान रक्तदान शिविरों का आयोजन रेडक्रॉस सोसायटी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के रूप मे मनाया जायेगा एवं 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक राष्ट्रीय स्वैच्छिक अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान को स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा, उच्च शिक्षा, पंचायती राज तथा ग्रामीण विकास एवं नगरीय निकायों से समन्वय कर संचालित किया जायेगा। जन संचार माध्यमों तथा सोशल मीडिया और सामुदायिक स्तर की गतिविधियाँ आयोजित कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद शहडोल, जिला शहडोल (म.प्र.)**
Office of the Municipal Council Shahdol, Distt. Shahdol (M.P.)

D.D. Complex, Near Tagore Park
Shahdol, Distt. Shahdol - 484001
Email:cmoshahdol@mpurban.gov.in,
Ph.No. 07652-245175 (0), 241015(F)

क्रमांक / न.पा.श./7892

**निविदा आमंत्रण सूचना**

शहडोल, दिनांक :- 15/09/2025

एतद् द्वारा केन्द्रीय पंजीयन पद्धति से पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण अनुसार ऑनलाईन पद्धति सै प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| एन. आई. टी. नम्बर | ई-टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अनुमानित राशि | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र की कीमत | कार्य की समयसीमा | पोर्टल पर निविदा देखने एवं सबमिट करने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7850 | 2025_UAD_451269_1 | CONSTRUCTION OF SAMUDAYIK BHAWAN AT WARD NO 28 SHAHDOL AS PER NIT AND ESTIMATE | 17.47 | 13200 | 2000 | 180 days | 12.09.2025 से 13.10.2025 समय 5:30 PM तक |
| 7849 | 2025_UAD_451268_1 | CONSTRUCTION OF SAMUDAYIK BHAWAN AT WARD NO 02 SHAHDOL AS PER NIT AND ESTIMATE | 17.47 | 13200 | 2000 | 180 days | 12.09.2025 से 13.10.2025 समय 5:30 PM तक |

1. इच्छुक ठेकेदार ऑनलाईन निविदा https:/mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी प्रकार का एन.आई.टी. से संबंधित शुद्धीपत्र केवल वेबसाईट में प्रसारित किया जावेगा। समाचार पत्रों में नही किया जावेगा।
निविदा संबंधी समस्त विवरण एवं शर्तें ऑनलाईन एवं कार्यालय के लोक निर्माण शाखा में देखी जा सकती है।

(अक्षत बुंदेला)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद शहडोल
जिला-शहडोल (म.प्र.)